an>

Title: Need to construct Delhi-Saharanpur Highways and declare it as National Highway.

श्री सत्यपाल सिंह (सम्भल) : अध्यक्ष महोदया, मेरा विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। दिल्ली-सहारनपुर राज्य मार्ग देश की राजधानी को जोड़ता है। उसकी हालत अत्यन्त खराब है। ए.सी.डब्ल्यू. नामक कम्पनी को उसका कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। उस कम्पनी के कॉन्ट्रैक्ट का समय भी खत्म हो गया है, लेकिन आज तक न तो उसने उस रोड को रिपेयर किया है और न ही उस पर कोई काम किया है। हमारे माननीय मंत्री जी बहुत ही इनोवेटिव तरीके से रोड्स के लिए काम कर रहे हैं। वे हजारों करोड़ रुपए बचा चुके हैं।

आपके माध्यम से भारत सरकार से मेरा निवेदन है कि उनका जो पी.पी.पी. मॉडल है, उस प्रोजैक्ट को खत्म कर, इसको राष्ट्रीय महामार्ग घोषित किया जाए। जब एन.डी.ए. की सरकार थी, उस समय भी मंत्रालय में एक नोट तैयार हुआ था, वह अप्रूव हुआ था लेकिन उसका काम नहीं हुआ। धन्यवाद।